Sanjay Gandhi Post Graduate Institute Of Medical Sciences
RAEBARELI ROAD, LUCKNOW-226014 (INDIA)
Phone (0522)-2668700, 2668800, 2668900 Fax-(0522)- 2668017, 2668129

पत्र सं. : पी.जी.आई./अधि./आर.एस.डी. संख्या 2534/26/I/615033/2026/2026 दिनांक: **29-05-2026**

कार्यालय आदेश

श्री दुर्गेश कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक, लेवल-04 (₹25,500-81,100/-), समूह-'ग', कर्मचारी पहचान संख्या-1100751495 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में कनिष्ठ अधीक्षक, लेवल-06 (₹35,400-1,12,400/-) के पद पर चयन होने एवं उनके द्वारा दिनांक 21 अप्रैल, 2026 को प्रस्तुत त्यागपत्र के परिप्रेक्ष्य में, निदेशक महोदय / नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उनकी वैयक्तिक ई-पत्रावली के नोटशीट संख्या- 16 पर संस्थान की प्रथम विनियमावली-2011 के प्रस्तर-99 में निहित उपबंधों के अधीन एक माह की नोटिस अवधि स्वीकार करते हुए उनका त्यागपत्र अनुमोदित किया गया है।

तथापि संस्थान में विभिन्न पदों पर नियमानुसार 02 वर्ष की निर्धारित परिवीक्षा अवधि के साथ चयनित समस्त नव-नियुक्त कार्मिकों के पक्ष में निर्गत नियुक्ति-पत्र में निम्नवत् प्रावधान निहित है-

"This appointment is purely temporary but likely to continue and can be terminated on three months' notice from either side or in lieu of this notice on payment of a sum equivalent to three months' salary"

उपर्युक्त अनुमोदन के दृष्टिगत संस्थान में चयनित समस्त नव-नियुक्त कार्मिक, नियमानुसार 02 वर्ष की निर्धारित परिवीक्षा अवधि के दौरान सेवात्याग / त्यागपत्र की स्थिति में, निदेशक महोदय / नियुक्ति प्राधिकारी को एक माह पूर्व लिखित सूचना प्रेषित करेंगे या उसके स्थान पर संस्थान को एक माह के वेतन के समतुल्य राशि का भुगतान करेंगे।

Digitally signed by
PRAKASH SINGH
Date: 29-05-2026
16:28:21

(प्रकाश सिंह)

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

प्रतिलिपि —

1. निदेशक, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
2. अपर निदेशक, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
5. कार्यपालक कुल-सचिव, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
6. समस्त संकायाध्यक्ष।
7. समस्त विभागाध्यक्ष।
8. नियुक्ति प्रकोष्ठ, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ।
9. बीएचआई विभाग, एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ को इस अनुरोध के साथ की संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें।